कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुन्द (छ.ग.)

Phone No. 07723-222939, Email – dlsa.mahasamund@gmail.com

क्रमांक : /LADCS/2023 महासमुन्द, दिनांक 01 दिसम्बर 2023

// सूचना //

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त **कार्यालय सहायक/क्लर्क** एवं **रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट)** के पदों पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम सूची, प्रवेश पत्र तथा परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/mahasamund पर अपलोड कर दिया गया है। सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं । पृथक से किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा ।

उपरोक्त पदों के प्रथम भाग की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है, :–

ijh{kk dk;Zdze

पद नाम	परीक्षा का नाम	परीक्षा की तिथि	परीक्षा का समय	परीक्षा स्थल
कार्यालय सहायक/क्लर्क	लिखित परीक्षा	10.12.2023 रविवार	सुबह 10:00 बजे से 11:00 तक	शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा, महासमुन्द (छ.ग.)
रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट)	लिखित परीक्षा	10.12.2023 रविवार	सुबह 10:00 बजे से 11:00 तक	शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा, महासमुन्द (छ.ग.)

टीप :–

1. जिन अभ्यर्थियों के द्वारा कार्यालय सहायक/क्लर्क एवं रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) के पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं, उन अभ्यर्थियों को पृथक–पृथक अनुक्रमांक आबंटित की जावेगी तथा वे अभ्यर्थी कार्यालय सहायक/क्लर्क के पद हेतु आबंटित अनुक्रमांक के स्थान पर बैठकर लिखित परीक्षा देंगे एवं लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक अभ्यर्थी द्वारा आवेदित किये गये पदों के लिए मान्य होगा । अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखे कि उत्तर पुस्तिका में आवेदित पदों हेतु उन्हें आबंटित अनुक्रमांक का उल्लेख

अनिवार्य रूप से करेंगे । उक्त की सूचना हेतु जिला न्यायालय के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा ।

2. परीक्षा तिथि को अभ्यर्थी, परीक्षा स्थल में लिखित परीक्षा प्रारंभ होने के एक घ ंटे पूर्व उपस्थित रहेंगे । परीक्षा स्थल में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी द्वारा पासपोर्ट साईज का एक रंगीन फोटोग्राफ्स को प्रवेश पत्र में संलग्न कर एवं आईडी प्रुफ (पहचान पत्र) जैसे ड्राइविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड दिखाये जाने पर ही परीक्षा स्थल में परीक्षा हेतु प्रवेश दिया जायेगा । अभ्यर्थी के परिजनों को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावेगी । परीक्षा स्थल का गेट 9:50 बजे बंद कर दिया जावेगा, जिसके पश्चात परीक्षा स्थल पर किसी भी अभ्यर्थी को अंदर आने की अनुमति नहीं दी जावेगी ।
3. अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने की दशा में अभ्यर्थी की अनुपस्थिति दर्ज की जावेगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. यदि कार्यालय सहायक/क्लर्क एवं रिसेप्शनिस्ट–सह–डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम, जिला न्यायालय के वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा ।

(माननीय जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित)

सही/–
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
महासमुन्द (छ.ग.)